आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 31.08.2024  समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत।
- प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाई।
- कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा –राज्य में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी।
- प्रदेश में एक–दो दिन के विराम के बाद फिर से बारिश का सिलसिला शुरू – कल से बारिश की गतिविधियों में बढोतरी की संभावना।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। आज नई दिल्ली में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितनी जल्दी से निर्णय लिए जाएंगे उतनी ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी।

....................

भारतीय न्याय संहिता के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि इन कानूनों की भावना है – नागरिक प्रथम, प्रतिष्ठा प्रथम और न्याय प्रथम। उन्होंने कहा कि देश में न्यायायिक ढांचे के विकास के लिए करीब आठ हजार करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है – विकसित भारत, नया भारत। श्री मोदी ने इस अवसर पर एक डाक टिकट और सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरा होने पर एक सिक्का भी जारी किया। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ती डी. वाई. चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन अखिल भारतीय जिला न्यायाधीश सम्मेलन की अगली कड़ी है।
केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया को आधुनिक बनाया जा रहा है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से तीन वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रेलगाडियां मेरठ से लखनऊ, मदुरै से बेंगलुरू और चेन्नई से नागरकोइल के बीच चलेंगी। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण तक देश की विकास यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वंदेभारत रेलगाड़ियों के विस्तार से देश विकसित भारत के

लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि ये तीन नई वंदेभारत रेल गाड़ियां महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक शहरों को जोडेंगी। श्री मोदी ने कहा कि छोटे स्टेशनों को हवाई अड्डों की तरह आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे गरीब से लेकर मध्यम वर्ग तक के सभी लोगों को आरामदेह यात्रा की गारंटी देने तक अपना कार्य करती रहेगी।

000

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम माझी ने आज नई दिल्ली में खादी महोत्सव 2024 की समीक्षा बैठक की। खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष अक्तूबर में इस महोत्सव का आयोजन करेगा। उन्होंने योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाने पर जोर दिया। श्री माझी ने देशभर में खादी के प्रचार और प्रसार पर भी बल दिया।

000

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने आज राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान राज्यपाल को राम मंदिर और भगवान राम का छाया चित्र भी भेंट किया। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

.................

कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा है कि राज्य में अतिवृष्टि से जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जाएगी। उन्होंने आज दौसा में एक कार्यक्रम में कहा कि फसलों की नुकसान की भरपाई की जाएगी साथ ही सड़कों को हुए नुकसान को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में नई सड़कें बनाई जाएंगी। डॉक्टर मीणा ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण पशुओं में भी बीमारी फैली है दौसा के ठीकरिया गांव में कुछ मवेशियों की मौत की खबर आई है ऐसे में पशुपालन विभाग को सघन टीकाकरण के निर्देश दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. मीणा ने गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के साथ आयुष्मान अस्पताल का उद्‌घाटन किया।

000

संपूर्णता अभियान के तहत कोटपूतली–बहरोड जिले के आशान्वित ब्लॉक नीमराणा में किये जा रहे कामों की जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास सहित छह बिन्दुओं पर काम किया जा रहा है।

....................

राज्य में 21वीं पशुगणना के लिये आज झालावाड़ के झालरापाटन में पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें जिले के 116 प्रगणकों और 23 सुपरवाईजर्स ने भाग लिया। इस मौके पर जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी ने कहा कि पशुगणना का कार्य काफी महत्वपूर्ण है तथा सही पशुगणना किया जाना आवश्यक है। इससे पशुपालन से संबंधित विभागीय योजनाओं की क्रियान्वति में लाभ मिलता है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. टी. ए. बन्सोड ने जनप्रतिनिधियों से पशुगणना में सहयोग करने का आह्वान किया।

000

प्रदेश में कई किसान खेती में नवाचार कर रहे हैं। जोधपुर जिले के किसान भी खेती में नवाचार अपनाते हुए राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के लाभ लेकर अपनी आमदनी बढ़ा रहे है। किसानों का संरक्षित खेतीं की ओर लगातार रूझान बढ़ रहा है। संयुक्त निदेशक उद्यान खंड डॉ जीवन भाकर ने बताया पॉली हाउस शेड नेट से किसान प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अच्छा उत्पादन ले सकते है। जिले के ग्राम ढ़ढोरा, मिण्डोली, बिरानी, भोपालगढ़ और बिराई के प्रगतिशील किसानों ने पोलीहाऊस सरकारी सहायता से तैयार करवाया है। उसमें खीरा ककड़ी, टमाटर, ब्रोकली ,शिमला मिर्च, जुकीनी जैसी फसलों की उपज ले रहे है। नकदी फसलों से आय बढ़ने से किसानों के जीवन स्तर में भी सुधार आ रहा है।

....................

प्रदेश में एक—दो दिन के विराम के बाद फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। जोधपुर में एक सप्ताह बाद बारिश ने एक बार फिर शहर की सड़कों को तरबतर कर दिया। कई निचले इलाकों में पानी भी भर गया। करौली में जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्र में हुई बारिश के बाद पांचना बांध के दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। वहीं गंभीरी नदी में पानी के बहाव को देखते हुए प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। डूंगरपुर जिले में पिछले दिनो से रुक रुककर चल रही बारिश की वजह से मेवाड़ा बांध ओवरफ्लो हो गया है। बांध पर पानी की चादर चलने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार आज कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं—कहीं भारी बारिश होने तथा जयपुर, जोधपुर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग ने कहा है कि प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में कल से बढ़ोतरी होगी तथा आगामी एक सप्ताह तक कहीं—कहीं भारी बारिश के आसार हैं।

000

पेरिस में चले रहे पैरालंपिक खेलों में भारत की पदक की उम्मीदें आज तीसरे दिन भी निशानेबाजों पर टिकी हुई हैं। आज बैडमिंटन और तीरंदाजी के भी कई मुकाबले होंगे। निशानेबाजी में पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल एसएच—वन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में आज भारत के महावीर उनहल्केर शूटिंग रेंज में उतरेगें। वहीं महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल एसएच वन स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में रूबीना फ्रांसिस अपनी चुनौती पेश कर रही हैं।

000

सवाईमाधोपुर जिले में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के सिलसिले में आयोजित खेल सप्ताह आज सम्पन्न हुआ। दशहरा मैदान स्थित जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र पर आज रुमाल झपट्टाऔर बैडमिंटन खेलों के मुकाबले हुए । इन मुकाबलो में बड़ी संख्या में युवा तथा हर आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हुए। खेल सप्ताह के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, कन्या महाविद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में भी विभिन्न खेल मुकाबले आयोजित किए गए । भरतपुर के रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर कबड्डी, खो—खो, रस्साकसी, रुमाल झपट्टा, चम्मच दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान फिट

इंडिया की भी शपथ दिलाई गई तथा विजेताओं को पुरस्कार दिये गये। झालावाड में खो–खो तथा प्रेंक चैलेंज प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

000

सिरोही जिले के माउंटआबू में ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से आज से माइंड बॉडी मेडिसिन पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन का उद्‌घाटन केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने किया। सम्मेलन में देशभर के करीब 500 चिकित्सक भाग ले रहे है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने चिकित्सा में योग और आध्यात्म का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि चिकित्सा विज्ञान में इनके समायोजन से कई बीमारियों का समाधान संभव है। सम्मेलन में ब्रह्माकुमारी संस्था के पदाधिकारी, अनुयायी और चिकित्सक मौजूद रहे।

000